भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
15.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1562 का उत्तर

समस्तीपुर जंक्शन से सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन

1562. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर जंक्शन से सुपर फास्ट ट्रेन चलाने की मांग जनप्रतिनिधियों एवं रेल अधिकारियों द्वारा की गई है; और

(ख) गत 3 वर्षों के दौरान समस्तीपुर जंक्शन से सुपर फास्ट रेलगाड़ी चलाने की जन-प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांग के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): समस्तीपुर जंक्शन सहित रेलगाड़ियों को शुरू करने के लिए विभिन्न वर्गों यथा जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय रेलों, आम जनता आदि से रेल प्रशासन के विभिन्न स्तरों और रेलवे बोर्ड के स्तर पर अनुरोध/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं और परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग आदि को देखते हुए समय-समय पर व्यावहारिक और औचित्यपूर्ण कार्रवाई की जाती है। इस समय समस्तीपुर जंक्शन पर 68 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवाएं और 19 जोड़ी पैसेंजर स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं जो यातायात की मौजूदा मात्रा के लिए पर्याप्त समझी जाती हैं। भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत एक सतत प्रक्रिया है जो कि यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****

s.k